संघ लोक सेवा आयोग

प्रेस नोट

केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहायक कमांडेंट) परीक्षा, 2022

******

दिनांक : 14 जुलाई, 2022

संघ लोक सेवा आयोग दिनांक 07.08.2022 (रविवार) को देशभर में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहायक कमांडेंट) परीक्षा-2022 आयोजित करेगा। आयोग ने प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की सुविधा के लिए अपनी वेबसाइट (https://upsconline.nic.in) पर **ई-प्रवेश पत्र** अपलोड किए हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उसका प्रिंटआउट ले लें। इस ई-प्रवेश पत्र को केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहायक कमांडेंट) परीक्षा, 2022 के अंतिम परिणाम की घोषणा तक सुरक्षित रखा जाना चाहिए। इस परीक्षा के लिए कोई कागजी प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को उन्हें आबंटित परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए अपने ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट प्रस्तुत करना होगा। उम्मीदवारों को परीक्षा के दोनों सत्रों में शामिल होने के लिए अपना वह फोटो पहचान पत्र साथ लाना होगा, जिसकी संख्या का उल्लेख ई-प्रवेश पत्र में किया गया है।

यदि ई-प्रवेश पत्र पर फोटो स्पष्ट नहीं है, धुंधली है या उपलब्ध नहीं है तब उम्मीदवारों को परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए फोटो पहचान-पत्र और ई-प्रवेश पत्र के प्रिंटआउट सहित दो (2) समरूप फोटोग्राफ (प्रत्येक सत्र के लिए एक-एक फोटो) तथा वचनबंध (अंडरटेकिंग) साथ लाना होगा।

ई-प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की विसंगति के मामले में, आयोग को तत्काल ई-मेल के माध्यम से (ई-मेल आईडी soe23-upsc@gov.in पर) सूचित किया जाए, ताकि ऐसे मामलों में निर्णय लिया जा सके।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अंतिम समय की हड़बड़ी से बचने के लिए पर्याप्त समय रहते ही ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट निकाल लें और "उम्मीदवारों हेतु महत्वपूर्ण अनुदेश" को भी ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

यह भी नोट कर लिया जाए कि परीक्षा-स्थल पर प्रवेश, परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 10 मिनट पहले, अर्थात पूर्वाह्न सत्र के लिए प्रातः 09:50 बजे तथा अपराह्न सत्र के लिए अपराह्न 01:50 बजे बंद कर दिया जाएगा। प्रवेश बंद होने के बाद किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा-स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

रोनिता भादुड़ी

(रोनिता भादुड़ी)
(RONITA BHADURY)
अवर सचिव/Under Secretary
संघ लोक सेवा आयोग
Union Public Service Commission
नई दिल्ली/New Delhi

उम्मीदवारों को यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि उन्हें उनके ई-प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा-स्थल के अलावा किसी अन्य परीक्षा-स्थल पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे अपने साथ काला बॉल पॉइंट पेन लेकर आएं क्योंकि उम्मीदवारों द्वारा ओएमआर उत्तर पत्रक और उपस्थिति सूची काले बॉल पॉइंट पेन से ही भरी जानी है।

परीक्षा कक्षों/भवनों में उम्मीदवारों द्वारा केवल सामान्य या साधारण कलाई घड़ियों के इस्तेमाल की अनुमति है। हालांकि, ऐसी घड़ियां, जो किसी ऐसी विशेष एक्सेसरी से युक्त हों जिसका परीक्षा के दौरान संचार उपकरण के रूप में प्रयोग किया जा सकता है अथवा स्मार्ट घड़ियों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है और उम्मीदवारों को परीक्षा कक्षों/भवनों में ऐसी घड़ियां लाने की अनुमति नहीं है।

मोबाइल फोन (यहां तक कि स्विच ऑफ मोड में भी), पेजर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा प्रोग्राम किए जाने योग्य डिवाइस अथवा पेन ड्राइव जैसा कोई स्टोरेज मीडिया, स्मार्ट वॉच आदि अथवा कैमरा अथवा ब्लूटूथ उपकरण अथवा कोई अन्य उपकरण अथवा संबंधित एक्सेसरीज चालू अथवा स्विच-ऑफ मोड में, जिनका संचार उपकरण के रूप में प्रयोग किया जा सकता है, तथा कैलकुलेटर परीक्षा भवन में प्रतिबंधित हैं। इन अनुदेशों का किसी प्रकार से उल्लंघन किए जाने पर संबंधित उम्मीदवार के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भविष्य की परीक्षाओं/ चयन से विवर्जन भी शामिल है।

परीक्षा-स्थल पर कीमती/ महंगे सामान तथा बैग लाने की भी अनुमति नहीं है।

सभी उम्मीदवारों के लिए मास्क/फेस कवर पहनना अनिवार्य है। मास्क/फेस कवर के बगैर आए उम्मीदवारों को परीक्षा-स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवारों को पारदर्शी बोतलों में अपना हैंड सैनीटाइजर लाने की अनुमति होगी। उपर्युक्त के अतिरिक्त, उम्मीदवारों को परीक्षा भवन/कक्ष के साथ-साथ परीक्षा-स्थल के परिसर में, 'सामाजिक दूरी' और 'निजी साफ-सफाई' के संबंध में **कोविड-19** मानदंडों का पालन करना होगा।

संघ लोक सेवा आयोग
नई दिल्ली-110069 दिनांक 14 जुलाई, 2022/ 23 आषाढ़, शक 1944

रोनिता भादुड़ी

(रोनिता भादुड़ी)
(RONITA BHADURY)
अवर सचिव/Under Secretary
संघ लोक सेवा आयोग
Union Public Service Commission
नई दिल्ली/New Delhi